भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-573

जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2016 को दिया जाना है ।

आंध्र प्रदेश में एनटीपीसी-भेल विद्युत परियोजना की स्थिति

573. श्री वि. विजयसाई रेड्डीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एनटीपीसी-भेल पॉवर प्रोजेक्ट्स लि. कब आरंभ हुई थी, मूल लागत क्या थी और आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में मन्नावरम में इसे स्थापित करने के पीछे अन्य उद्देश्य क्या थे;

(ख) उपरोक्त संयुक्त उद्यम के पूरा होने पर अनुमानित कितने रोजगार सृजित होने थे;

(ग) क्या इसकी आधारशिला 2010 में रखी गई थी लेकिन अब तक कोई वास्तविक काम नहीं हुआ है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस परियोजना के आरंभ होने की संभावित तारीख क्या है और इसमें कितना समय तथा लागत ज्यादा आएगी?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : एनबीपीपीएल एनटीपीसी लि. तथा भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) की संयुक्त उद्यम कंपनी है। एनटीपीसी और भेल के बीच दिनांक 07 सितम्बर, 2007 को समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। संयुक्त उद्यम करार पर दिनांक 17 दिसम्बर, 2007 को हस्ताक्षर कि**या** ग**या था**। कंपनी, दिनांक 28 अप्रैल, 2008 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित की गई थी।

कंपनी का मुख्य उद्देश्य विद्युत क्षेत्र की सामर्थ्य तथा क्षमता बढ़ाने और दोनों प्रवर्तक कंपनियों (एनटीपीसी तथा भेल) के प्रयासों का अनुपूरण करना है।

पूंजीगत निवेश दो चरणों में निम्नानुसार तैयार किया गया:

चरण-I: सीएचपी/एएचपी के लिए ईपीसी तथा निर्माण सुविधाएं : 1200 करोड़ रुपये

चरण-II: टर्बाइन, जेनरेटर तथा बॉयलर के लिए निर्माण सुविधाएं : 4800 करोड़ रुपये

चरण-I के लिए निवेश किराया प्रतिमान अपनाकर ईपीसी व्यय को 13.55 करोड़ रुपये तक कम करके 363.94 रुपये किया गया है। तथापि, दिनांक 21.03.2011 को आयोजित बीसवीं बोर्ड की बैठक में बोर्ड ने निर्णय लिया कि एनबीपीपीएल 4 से 5 साल के बाद ही चरण-II शुरू करेगा।

(ख) : विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार, चरण-I तथा चरण-II के लिए वित्त वर्ष 2016-17 तक 6100 लोगों के लिए रोजगार सृजन होने का अनुमान है। इसमें से, चरण-I में, इस पर विचार करते हुए कि एनबीपीपीएल वर्ष 2016-17 तक, 30 ईपीसी आदेशों तथा 10 सीएचपी एवं एएचपी परियोजनाओं का निष्पादन करेगा, इससे 1250 लोगों के लिए रोजगार सृजन होने की आशा है।

(ग) से (ङ) : जी हाँ। एनबीपीपीएल मन्नावरम संयंत्र की आधारशिला दिनांक 01 सितम्बर, 2010 को रखी गई थी। सुविधा प्रचालन में है तथा वाणिज्यिक उत्पादन मई, 2015 से चालू हो गया है। आज की तारीख में, कोई लागत आधिक्य नहीं है।

****